C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 6:09 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:40 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 222 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 26 फरवरी 2024



ऐश्वर्या-अभिषेक की बेटी...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### नैनीताल जेल के बैरक नंबर एक में रखा गया अब्दुल मलिक

**नैनीताल।** हल्द्वानी हिंसा के आरोपी अब्दुल मलिक को बीते दिनों पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अब्दुल मलिक को हिंसा के 81 आरोपियों से अलग रखा है।

मलिक को शनिवार देर रात नैनीताल जेल में दाखिल किया गया। पुलिस ने हल्द्वानी हिंसा के मोस्ट वांटेड अब्दुल मलिक को उपद्रव के 81 आरोपियों से अलग रखा है। मलिक को शनिवार देर रात नैनीताल जेल में दाखिल किया गया। मलिक को छोड़कर उपद्रव के सभी आरोपियों को हल्द्वानी उप कारागार में रखा गया है। लाइन नंबर 8 बनभूलपुरा निवासी अब्दुल मलिक को पुलिस ने शनिवार को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। मलिक आठ फरवरी को बनभूलपुरा में हुए उपद्रव के पहले से ही फरार चल रहा था। गिरफ्तारी और कोर्ट में पेश करने के बाद अब्दुल मलिक को पुलिस ने शनिवार रात जिला जेल नैनीताल में दाखिल किया। मलिक को वहां बैरक नंबर एक में रखा गया है।

### गौलापार बागजाला में हटेगा अतिक्रमण, वन विभाग तैयारी में जुटा

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा के बाद अब गौलापार बागजाला में अतिक्रमण हटाने की तैयारी है। वन विभाग के सूत्रों के अनुसार कल मंगलवार से बागजाला में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई होनी है। इधर तराई पूर्वी वन प्रभाग के गौला रेंजर चंदन अधिकारी ने बताया कि बागजाला में अतिक्रमण कर सात-आठ पक्के निर्माण किये गये हैं। इनके खिलाफ कार्रवाई की जानी है। कल अभियान चलेगा या नहीं इस बारे में शाम तक स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। गौरतलब है कि पूर्व में भी वन विभाग बागजाला में अतिक्रमण हटा चुका है लेकिन इसके बावजूद अतिक्रमणकारी वहां फिर से कब्जे करने लगे।

# हल्द्वानी की 400 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने कार्य बहिष्कार कर दिया धरना

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने मानदेय जैसी मांगों को लेकर बुद्ध पार्क में धरना दिया। आंगनबाडी कार्यकत्री, सेविका, मिनी कर्मचारी संगठन उत्तराखंड के बैनर तले सोमवार को विकासखंड हल्द्वानी की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने कार्य बहिष्कार कर बुद्ध पार्क में धरना दिया।

इस दौरान उनका कहना था कि वे मानदेय को लेकर सरकार को बार-बार अवगत कराती रही है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। मांगें मनवाने के लिए उन्हें रैली व धरना-प्रदर्शन को मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र व



राज्य सरकार तमाम योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से काम ले रही है, ऐसे में उन्हें जो मानदेय मिल रहा है वह काफी कम है। इस दौरान उन्होंने 600 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से महीने में 18 हजार मानदेय दिये जाने, वरिष्ठता के आधार पर 15 वर्ष पूरे होने पर प्रतिवर्ष मानदेय बढ़ाया जाए, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को रिटायरमेंट पर दो लाख की राशि

**मांग**

- **प्रतिमाह 18 हजार मानदेय दिलाने, रिटायरमेंट पर लाभ दिये जाने जैसी मांगें उठाईं**

दिये जाने, गोल्डन कार्ड जारी कर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिये जाने जैसी मांगें उठाईं। उन्होंने चेताया कि यदि उनकी मांगों पर अमल न किया गया तो वे बीएलओ कार्य का भी बहिष्कार करेंगी। इस बीच संगठन की जिलाध्यक्ष हेमा लोहनी ने बताया कि बीती 20 फरवरी से प्रदेश भर में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का मांगों को लेकर आंदोलन चल रहा है। आज विकासखंड हल्द्वानी की करीब 400 से अधिक कार्यकत्रियां कार्य बहिष्कार कर धरने पर बैठी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों से लेकर विभागीय मंत्री को भी ज्ञापन दिया गया है। लोहनी ने कहा कि पूर्व में बाल विकास मंत्री रेखा आर्य ने हल्द्वानी में मिनी सहायिकाओं को लेकर भी घोषणा की थी, उसका भी अनुपालन अब तक नहीं हो पाया है। धरना देने वालों में सीमा नेगी, पूजा पाठक, हेमा, तारा पाठक, नीमा पांडे, हेमा बिष्ट, मधु सिंह, मीना पांडे, जानकी गुणवंत, सुनीता गोस्वामी, माया हर्बोला, रंजना आर्या समेत तमाम आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां शामिल थीं।

मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज

# हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, व्यास तहखाने में पूजा रहेगी जारी

देहरादून

हमारे संवाददाता

ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यासजी तहखाना में हिंदू पक्ष को पूजा के अधिकार देने के वाराणसी जिला जज के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में दाखिल याचिका पर फैसला सुनाया गया। कोर्स ने मुस्लिम पक्ष की याचिका को खारिज कर दिया है।

ज्ञानवापी, वाराणसी तहखाने में काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास को पूजा का अधिकार सौंपने के जिला जज वाराणसी के आदेश के खिलाफ दाखिल अपील को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है।

यह फैसला इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की तरफ से दाखिल अपील पर सुनाया है। इससे पहले कोर्ट ने दोनों पक्षों की लंबी बहस के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। मामले में जिला जज वाराणसी ने 17 जनवरी को डीएम को रिसीवर नियुक्त कर 31 जनवरी को तहखाने में पूजा



करने का आदेश पारित किया था। इंतेजामिया कमेटी ने उसे हाई कोर्ट के समक्ष चुनौती दी थी।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी परिसर के व्यास तहखाने में पूजा करने के कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका को रद्द कर दिया है। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने फैसले के बाद बताया कि इलाहाबाद होईकोर्ट ने अंजुमन इंतजामिया के आदेशों की पहली अपील को खारिज कर दिया है। जिसमें वाराणसी जिला कोर्ट से पारित 17 और 31 जनवरी के आदेश को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि ज्ञानवापी परिसर के व्यास तहखाना में चल रही पूजा जारी रहेगी।

# दून में बजट सत्र कराए जाने के विरोध में हरीश रावत ने रखा मौन व्रत

देहरादून

हमारे संवाददाता

बजट सत्र गैरसैंण में नहीं कराए जाने पर पूर्व सीएम हरीश रावत ने सांकेतिक मौन व्रत रखा। इस दौरान उनके साथ पार्टी के कार्यकर्ता भी गांधी पार्क में सांकेतिक मौन व्रत कार्यक्रम में शामिल हुए।

पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ गांधी पार्क में एक घंटे का सांकेतिक मौन व्रत रखा। मौन व्रत के समापन पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने रघुपति राघव राजा राम भजन गाकर धामी सरकार की सद्बुद्धि के लिए प्रार्थना की।

वर्तमान सरकार द्वारा गैरसैंण के अपमान और देहरादून में बजट सत्र कराने को लेकर सोमवार को पूर्व सीएम हरीश रावत ने सांकेतिक मौन व्रत रखा। इस दौरान हरीश रावत ने कहा की सरकार द्वारा गैरसैंण की सतत् अवेहलना के विरोध में यह मौन व्रत है। हिमालयी राज्य की अवधारणा के साथ बने राज्य की सरकार को गैरसैंण में ठंड लग रही है। रावत ने कहा की अपनी ही पार्टी की सरकार द्वारा घोषित ग्रीष्मकालीन राजधानी में बजट सत्र का आयोजन न करना, विधानसभा द्वारा पारित संकल्प की भी अवेहलना है। हरदा ने कहा कि भविष्य के बजट सत्र गैरसैंण में ही आयोजित होने का संकल्प भी पारित किया गया, सरकार को सद्बुद्धि आए इसकी कामना के साथ एक प्रायश्चित भी है। कहा कि अब उन्हें ऐसा प्रतीत होता है कि शायद गैरसैंण में सैकड़ों करोड़ रुपया खर्च कर उन्होंने कोई भूल कर दी हो। जन भावना का सही आकलन न कर पाना भी एक भूल ही होती है।



# जल संस्थान व निगम कर्मियों का 28 से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

जल निगम जल संस्थान संयुक्त मोर्चा से जुड़े कर्मचारियों ने 28 फरवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है।

मोर्चा के संयोजक रमेश बिंजोला ने बताया कि जल संस्थान व जल निगम के एकीकरण व राजकीयकरण की मांग लंबे समय से उठाई जा रही है। इसके तहत देहरादून जल संस्थान मुख्यालय में विशाल धरना-प्रदर्शन भी किया गया।

उन्होंने बताया कि इस मांग को लेकर सभी कर्मचारी एकजुट हैं, इस क्रम में 27 फरवरी को विधानसभा घेराव किया जाएगा। इसके बावजूद यदि मांग पूरी न हुई तो 28 फरवरी से कर्मचारी कार्य बहिष्कार कर हड़ताल

**तैयारी**

- **कल विधानसभा का करेंगे घेराव**

पर चले जाएंगे। मोर्चा के पदाधिकारियों ने बताया कि कुछ अधिकारी अभी तक केंद्रीय सामान की खरीद में ठेकेदारी कर रहे हैं। विभागों का एकीकरण व राजकीयकरण होने से उनके काले कारनामे उजागर हो जाएंगे।

गौरतलब है कि मोर्चा के बैनर तले कर्मचारी लंबे समय से आंदोलित हैं। इसके तहत बीती 23 फरवरी से प्रदेश भर में आंदोलन चलाया गया, राज्य के सभी जिलों व मुख्यालयों में जल निगम व जल संस्थान कर्मियों ने धरना-प्रदर्शन भी किया।

# राज्यपाल के अभिभाषण के साथ विधानसभा बजट सत्र आज से शुरू

देहरादून

हमारे संवाददाता

विधानसभा का बजट सत्र आज 26 फरवरी से एक मार्च तक चलेगा। पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण के अलावा अन्य कोई विधायी कार्य नहीं होंगे। राज्यपाल के अभिभाषण के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित हो जाएगी। विधानसभा का बजट सत्र का आज पहला दिन है। सदन में राज्यपाल के अभिभाषण के साथ सत्र की शुरुआत हुई। राज्यपाल के अभिभाषण में सरकार के वर्ष 2025 तक उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ व सशक्त राज्य बनाने का रोडमैप दिखा।

विधानसभा का बजट सत्र आज 26 फरवरी से एक मार्च तक चलेगा। सोमवार को सुबह 11 बजे से विस का बजट सत्र शुरू हुआ। इसके बाद राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) का अभिभाषण शुरू हुआ। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि



विकसित भारत के संकल्प में विकसित उत्तराखंड परिकल्पना नहीं विश्वास है। प्रदेश की तरक्की में अहम योगदान देने वालों का आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि विगत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कई उपलब्धि हासिल हुई है। हमारा प्रदेश सर्वश्रेष्ठ राज्यों की श्रेणी में खड़ा होगा। भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की कड़ी में सशक्त उत्तराखंड -2025 से कई आयाम हासिल किए गए। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड विधानसभा ने राज्य के सभी नागरिकों को समान अधिकार देने वाली समान नागरिक संहिता को पास करके देश का पहला राज्य बना दिया है। अब सभी धर्म-समुदायों की महिलाओं को समान अधिकार दिए गए। विधायकों की ओर से 300 से अधिक प्रश्न मिले हैं। रविवार देर रात विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण के यमुना कॉलोनी स्थित आवास पर कार्यमंत्रणा समिति की बैठक हुई, जिसमें एक मार्च तक सदन संचालित करने के लिए एजेंडा तय किया गया।

### कल पेश होगा बजट

प्रदेश सरकार कल 27 फरवरी को बजट पेश करेगी। हालांकि, कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में तय किया गया कि बजट 27 को सदन में लाया जाएगा। 28 को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव लाया जाएगा। 29 को विभागवार अनुदान मांगों पर चर्चा होगी, जबकि एक मार्च को बजट पारित किया जाएगा। सरकार की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 90 हजार करोड़ रुपये का अनुमानित बजट लाने की संभावना है। जिसमें सरकार का फोकस सशक्त उत्तराखंड का संकल्प रहेगा। इसके अलावा महिलाओं, युवाओं के लिए स्वरोजगार, किसानों के कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकार नई योजनाओं की घोषणा कर सकती है।

# विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



उच्च न्यायालय उत्तराखंड नैनीताल एवं उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार तथा जिला न्यायाधीश सुबीर कुमार अध्यक्ष/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के मार्गदर्शन के दृष्टिगत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के सचिव सीनियर सिविल जज बीनू गुलयानी के निर्देशन में प्राविधिक स्वयं सेवक अंबिका तथा यशवंत कुमार द्वारा नैनी महिला एवं बाल विकास समिति सूखाताल में विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस मौके पर कुमारी अंबिका द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्य प्रणाली तथा 15 फ रवरी से 29 फरवरी तक चलने वाले विशेष अभियान साइबर अपराध पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी और कहा गया यदि किसी भी व्यक्ति के साथ साइबर अपराध हो जाता है तो वह सर्वप्रथम 1930 नंबर पर संपर्क कर अपनी प्रथम सूचना दे सकता है जिसके माध्यम से वह सूचना नजदीकी क्षेत्रीय पुलिस के पास स्वत: ही आ जाती है। शिविर में राष्ट्रीय लोक अदालत तथा स्थाई लोक अदालत तथा नशा उन्मूलन के विषय पर भी जानकारी दी गई। शिविर में जिला नैनीताल लेखपाल नीमा परिहार द्वारा साइबर अपराधों व मनरेगा से संबंधित जानकारी दी गई। जिसमें शिविर के अंत में यशवंत कुमार द्वारा नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में व विधिक द्वारा स्थापित फ्रंट ऑफिस डिस्टिक कोर्ट के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। शिविर में नैनी महिला एवं बाल विकास समिति सूखाताल की अध्यक्ष शैलजा सक्सेना समेत सचिव सुनीता आर्या, जिला उपभोक्ता आयोग की सदस्य विजय लक्ष्मी थापा के साथ ही रेनू कोहली, हंसी रावत, पार्वती उप्रेती, किरन, मोहनी देवी, ललिता, अंजू, भावना तथा प्रियंका रावत आदि मौजूद थे।

# NEWS / फटाफट

## सूखाताल टैक्सी सोसाइटी के अध्यक्ष बने दीपक



**नैनीताल।** सूखाताल टैक्सी सोसाइटी की रविवार को हुई बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सभी पदों में निर्विरोध चुनाव हुआ। बता दें कि नई कार्यकारिणी में दीपक मटियाली को फिर से अध्यक्ष चुना गया जबकि उपाध्यक्ष पद पर दिनेश भट्ट, सचिव पद पर दीवान सिंह रौतेला, उप सचिव पद पर रोहित साह, कोषाध्यक्ष प्रेम सिंह तथा उप कोषाध्यक्ष संजय चौनियाल चुने गए। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में क्रमश: राजेन्द्र, पुनीत साह, भूपेंद्र सिंह, मोहित रावत, गजेन्द्र सिंह, नन्दन सिंह तथा मोहन चन्द्र थापा को शामिल किया गया।

## नशे में धुत नेपाली युवक गहरी खाई जा गिरा

**नैनीताल।** शराब के नशे में धुत नेपाली युवक नगर के समीपवर्ती हनुमानगढ़ी क्षेत्र में शौच करते वक्त करीब 50 फीट गहरी खाई जा गिरा लेकिन बाद में पुलिस ने उसे सकुशल खाई से बाहर निकालने में कामयाबी हासिल की। जानकारी के मुताबिक रविवार की शाम को करीब 4.30 बजे उदय नेपाली शराब के नशे में एरीज की तरफ अपने कमरे को जा रहा था कि हनुमानगढ़ी से थोड़ा आगे जाकर लघु शंका करते वक्त वह करीब 50 फीट गहरी खाई में जा गिरा। सूचना मिलते ही तल्लीताल चीता मोबाइल शिव राज सिंह राणा थाने से अन्य फोर्स मौके के साथ मौके पर पहुंचे और नेपाली उदय को सकुशल खाई से बहार निकाला। बाद में उसके साथियों के पास उसके कमरे में भिजवा दिया गया। इस दौरान मौजूद सभी नेपाली नागरिकों ने नैनीताल पुलिस का दिल से आभार व्यक्त किया।

## कुछ लोग एक व्यक्ति को जमीन का बयाना देने की बात कह ले गए फिर शराब पिला नगदी लूटी

**रुद्रपुर।** जमीन का बयाना देने की बात कहकर कुछ लोग एक व्यक्ति को साथ ले जाकर उसे शराब पिला दी और उसके पास रखी हजारों रुपए व साईकिल छीनकर भाग गए। पीड़ित मदद के लिए पुलिस के पास पहुंचा। थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र आजादनगर निवासी मोहन स्वरूप पुत्र नेतराम ने पुलिस को बताया कि 24 फरवरी को दोपहर उसे एक व्यक्ति जमीन का बयाना देने के नाम पर अपने साथ लालपुर ले गया। उसके साथ उसका पुत्र महावीर भी गया। वहां ले जाकर बगवाड़ा में उस व्यक्तिफ् में व उसके साथियों ने उससे कहा कि बयाना तो दे देंगे चलो चलकर इस खुशी में कुछ पी खा लेते है। बताया कि उत्तफ् लोगों ने उसे शराब पिला दी। जब वह नशे में हो गया तो उत्तफ् लोगों ने उसकी जेब से 10 हजार रुपए निकाल लिये और उसकी साईकिल भी छीन ली उसे मारापीटा। किसी तरह वह अपने पुत्र के साथ वहां से भागकर आ गया। पीड़ित ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई। फिलहाल इस मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है।

## मनोज बने देवभूमि व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष

**अल्मोड़ा।** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल की जिला कार्यकारिणी का गठन हो गया है। मनोज सिंह पवार को जिलाध्यक्ष और प्रमोद कुमार (भीमा) को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। रविवार को नगर के एक होटल में देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल की नगर कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर ने नगर अध्यक्ष संजय साह रिक्खू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक जोशी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष आनंद सिंह भोज, महिला उपाध्यक्ष मनु गुप्ता, महासचिव दीप चंद्र जोशी, कोषाध्यक्ष रोहित साह, वरिष्ठ उपसचिव जयप्रकाश और कनिष्ठ उपसचिव अमन टकवाल को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए व्यापारियों के हित में काम करने की अपील की। कहा कि सभी व्यापारियों को एकजुट होकर अपने हित की लड़ाई लड़नी होगी। व्यापारियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान जिला कार्यकारिणी की भी घोषणा की गई। जिलाध्यक्ष पद पर मनोज सिंह पवार और कार्यकारी अध्यक्ष पद पर प्रमोद पवार का मनोनयन हुआ।



# बलियानाले के सुधारीकरण कार्य गुणवत्ता के साथ करने का आग्रह

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

बीरभट्टी क्षतिग्रस्त बलियानाले के सुधारीकरण के काम के लिए नाले में जेसीबी मशीन को बिना पहाड़ को तोडक़र और नाले के किनारे से जेसीबी मशीन को ले जाने व संवेदनशील क्षेत्र होने के कारण आस पास के पहाड़ में जेसीबी मशीन ना चलवाने को कहा है। मामले में बलियानाला संघर्ष समिति के सदस्य एवं जनप्रतिनिधियों ने कार्य में पूर्ण सहयोग एवं गुणवत्ता से कार्य करने की मांग की। उन्होंने उपजिलाधिकारी और सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने सभी के सुझावों को लेकर गुणवत्ता के साथ कार्य करने का आग्रह किया है। इस दौरान बलिया नाला संघर्ष समिति के अध्यक्ष डीएन भट्ट, उपाध्यक्ष महेश जोशी, सचिव इंदर नेगी, एसडीएम प्रमोद कुमार तथा सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता प्रमोद पाठक आदि मौजूद थे।

# पंचायत अभीमुखीकरण बैठक का आयोजन किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

विमर्श संस्था व सहयोग संस्था लखनऊ की ओर से पंचायत अभीमुखीकरण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें महिला पंचायत सदस्य, आशा कार्यकर्ता तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने प्रतिभाग किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम के उद्देश्य पर चर्चा करते हुए, गायत्री दरमवाल ने बताया कि विमर्श संस्था बेतालघाट तथा कोटाबाग ब्लाक में युवाओं के स्वास्थ्य के अधिकार के मुद्दे पर काम कर रहा है व युवाओ के मुद्दे को ग्राम सभा के मुद्दे पर कैसे शामिल किया जाए व आपस में कैसे समन्वय किया जाये इस विषय पर बैठक का आयोजन किया गया है। सहयोग से आयी आराधना की ओर से ग्रामीण स्वास्थ्य व पोषण समिति की जानकारी दी गयी विमर्श संस्था के संस्थापक कंचन भंडारी की ओर से विद्यालय प्रबंधन समिति की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में भावना कुंवर, राधा, हंसी,मंजु, नीमा, नीरू,सुमन, भगवती तथा पुष्पा सहित खुरपाताल न्याय पंचायत, कोटाबाग तथा बेतालघाट से आयी 35 महिलाओं ने प्रतिभाग किया गया।



# कार्मिकों के विनियमितीकरण के संबंध में पारित आदेश का स्वागत

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड उच्च न्यायालय की ओर से दैनिक वेतन, संविदा तथा तदर्थ आधारित 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके कार्मिकों के विनियमितीकरण के संबंध में पारित आदेश का उत्तराखंड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ ने स्वागत किया है एवं उत्तराखंड सरकार से इस हेतु शासनादेश जारी करने की गुजारिश की है।

महासंघ के अध्यक्ष भूपाल सिंह करायत एवं महामंत्री प्रशांत मेहता ने जानकारी दी कि उत्तराखंड के विभिन्न विश्वविद्यालयों में लंबे समय से कर्मचारियों के भारी संख्या में पद रिक्त हैं एवं विश्वविद्यालयों में दैनिक, संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारी कार्य संचालन कर रहे हैं। इन पदों पर नियमित नियुक्ति हेतु संगठन द्वारा लंबे समय से मांग उठाई जाती रही है परंतु विश्वविद्यालयों में कोई नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हुई है।

इसके साथ ही संगठन द्वारा विश्वविद्यालय में कार्यरत संविदा, दैनिक तथा आउटसोर्स कर्मियों के नियमितीकरण की मांग भी प्रमुखता से की गई है। इस क्रम में उत्तराखंड उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश से सभी कार्मिकों में नयी आशा जागृत हुई है। इस आदेश के फ लस्वरुप विश्वविद्यालय में भी नियमितीकरण का रास्ता खुला है। पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, सचिव कार्मिक को पत्र प्रेषित करते हुए उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुरूप राज्य में राज्य में सेवाओं में संलग्न संविदा, दैनिक आधारित कार्मिकों के नियमितीकरण का आदेश पारित करने का अनुरोध पत्र प्रेषित किया है। साथ ही संगठन द्वारा इस प्रक्रिया में उपनल कर्मियों को भी शामिल करने की भी मांग की गई।

दूसरी ओर उच्च न्यायालय उत्तराखंड के आदेश के क्रम में उत्तराखंड विद्यालय कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष भूपाल सिंह कराए द्वारा यह भी मांग की गई है कि उत्तराखंड शासन राज्य में कार्यरत दैनिक, संविदा तथा तदर्थ कर्मचारियों की 10 सेवाओं की पूर्णता पर विनियमितिकरण का संशोधित आदेश भी जारी करें ताकि इसका लाभ उक्त समस्त एवं अर्ह कार्मिकों को प्राप्त हो सके।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायलय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# तीन दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

आयुष एवं आयुष शिक्षा विभाग उत्तराखंड के अंतर्गत जिला आयुर्वेदिक अधिकारी नैनीताल डॉक्टर महेन्द्र सिंह गुंजियाल जी के निर्देशन में 28 फरवरी तक आयोजित (3 दिवसीय) आयुष्कामिय (आयुर्वेदिक एवं होमियोपैथिक) निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन राम लीला मैदान ऊंचापुल हल्द्वानी में किया गया।

आयुर्वेदिक एवं होमियोपैथिक चिकिसा शिविर का शुभारम्भ विधयाक कालाढूंगी विधान सभा बंशीधर भगत एवं जिला पंचायत अध्यक्षा नैनीताल बेला तौलिया ने संयुक्त रूप से किया। चिकित्सा शिवर में निवर्तमान पार्षद प्रमोद पंत द्वारा विशेष शहयोग प्रदान किया गया। नोडल अधिकारी राष्ट्रीय आयुष मिशन नैनीताल ने बताया चिकित्सा शिविर में प्रथम दिन 450से अधिक मरीजों का आयुर्वेदिक एवं होमियोपैथिक की



विभिन्न चिकत्सा पद्धतियो न्यूरोपैथी, अग्निकर्म, मर्म चिकत्सा,पंचकर्म चिकित्सा , योग द्वारा ब्लड प्रेशर, मधुमेह, वात रोग,उदर रोग,जोड़ो के रोग, त्वचा रोग का इलाज किया गया।

चिकित्सा शिविर में डॉ. जगदीश सती डॉ. एन एस काला, डॉ. योगेंद्र सिंह , डॉ. राजेश त्रिपाठी, डॉ. विजय सक्सेना, डॉ.पूनम जंगपांगी, डॉ.बबिता धपोला, डॉ.दीपा भट्ट,डा सुरुचि सिंह, डॉ.सीपाल, डॉ.राजकुमार चीफ फार्मेसिष्ट रेनू रावत ,चीफ फार्मासिस्ट प्रताप सिंह मेहरा,वरिष्ठ प्रशाशनिक आधिकारी गोविंद सिंह मेहरा, हरेंद्र जेडा, बिपिन किमोठी, गोपाल चिलवाल धीरू मेहरा, संजीत आदि उपस्थित रहे।

# अभिमत

## कोई भ्रम नहीं

***लोकसभा चुनाव से पहले सीएए लागू होने से यह चुनावी मुद्दा बनेगा। इसी तरह उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता का लोकसभा चुनाव में असर दिखायेगा। समान नागरिक संहिता जब पूरे देश में लागू हो जायेगी तो विशेष समुदाय के लोग धार्मिक कानून की आड़ में भारतीय कानून का उल्लंघन नहीं कर सकेंगे। वर्तमान में धार्मिक कानून का हवाला देकर धर्मान्तरण, लव जेहाद और अराजकता फैलाने के मामले शासन व प्रशासन के लिए चुनौती बने हुए हैं। उत्तराखंड में समुदाय विशेष वन और अन्य सरकारी विभागों की भूमि पर कब्जा करके धर्म स्थल बनाते हैं। अवैध रूप से धार्मिक शिक्षा संस्थान स्थापित करते हैं। अवैध धंधे, हिंसा और धर्मान्तरण में धार्मिक स्थलों का दुरुपयोग किया जाता है।***

नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) लोकसभा चुनाव से पहले पूरे देश में लागू होगा। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि सीएए देश का कानून है और यह जरूर लागू होगा, इसमें कोई भ्रम नहीं है। उत्तराखंड देश का पहला राज्य है, जिसने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को विधानसभा में पारित कराकर उल्लेखनीय कार्य किया है। अब सीएए का रास्ता भी आसान हो जायेगा। राज्य में भाजपा के वर्ष 2022 में सत्ता में वापसी करने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संकल्प लिया था कि यूसीसी लागू किया जायेगा। इस बारे में भ्रम फैलाया गया। राज्य में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने विरोध किया, लेकिन सरकार अडिग रही। कुछ राज्यों में गैर-भाजपा राजनीतिक दलों की सरकारें हैं। नागरिकता संशोधन अधिनियम और समान नागरिक संहिता को लेकर संकीर्ण मानसिकता से विरोध किया जा रहा है। अल्पसंख्यकों को भड़काया जा रहा है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भ्रम दूर करते हुए स्पष्ट कहा है कि सीएए कांग्रेस सरकार का वादा था। आजादी के वक्त जब देश का बंटवारा हुआ तो कांग्रेस ने शरणार्थियों से वादा किया था भारत में उनका स्वागत होगा और उन्हें भारत की नागरिकता दी जायेगी, लेकिन कांग्रेस ने वादा पूरा नहीं किया। सात दशक बाद जब भाजपा सीएए लागू कर रही है तो कांग्रेस और उसकी अन्य सहयोगी पार्टियां विरोध कर रही हैं। दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने सीएए को विशेष समुदाय के खिलाफ बताते हुए उग्र आंदोलन किया। देश के अल्पसंख्यकों खासतौर से मुस्लिमों को उकसाया जा रहा है। सीएए से किसी की नागरिकता नहीं छीनी जायेगी, क्योंकि इसमें ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। सीएए के माध्यम से पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आये गैर मुस्लिम प्रवासियों को भारत की नागरिकता दी जायेगी। लोकसभा चुनाव से पहले सीएए लागू होने से यह चुनावी मुद्दा बनेगा। इसी तरह उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता का लोकसभा चुनाव में असर दिखायेगा। समान नागरिक संहिता जब पूरे देश में लागू हो जायेगी तो विशेष समुदाय के लोग धार्मिक कानून की आड़ में भारतीय कानून का उल्लंघन नहीं कर सकेंगे। वर्तमान में धार्मिक कानून का हवाला देकर धर्मान्तरण, लव जेहाद और अराजकता फैलाने के मामले शासन व प्रशासन के लिए चुनौती बने हुए हैं। उत्तराखंड में समुदाय विशेष वन और अन्य सरकारी विभागों की भूमि पर कब्जा करके धर्म स्थल बनाते हैं। अवैध रूप से धार्मिक शिक्षा संस्थान स्थापित करते हैं। अवैध धंधे, हिंसा और धर्मान्तरण में धार्मिक स्थलों का दुरुपयोग किया जाता है। पर्वतीय क्षेत्र से युवतियों का अपहरण करके लव जेहाद व धर्मांतरण किया जा रहा है। राज्य सरकार को समुदाय विशेष को पर्वतीय क्षेत्र में बसने से रोकना होगा।

# ब्लॉक पब्लिक हेल्थ केयर यूनिट का शुभारंभ

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



राज्य स्तरीय राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट ने भवाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन को सुना। इस दौरान प्रधानमंत्री ने 5 एम्स हॉस्पिटल व 200 से अधिक स्वास्थ्य परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया।

इसी कड़ी में भवाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ केयर यूनिट का भी शुभारंभ हुआ। भट्ट ने फीता काटकर हेल्थ केयर यूनिट का शुभारंभ कर स्थानीय जनता व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

भट्ट ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं लगातार मजबूत हो रही हैं। आम व्यक्ति को निशुल्क और बेहतर उपचार मिले इसके लिए सरकार दिन-रात प्रयासरत है। आयुष्मान भारत जैसी मजबूत योजना को जन स्वास्थ्य के लिए लागू किया गया है, इसके साथ ही अस्पतालों में 140 प्रकारों की जांच भी निशुल्क हो रही है। केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य सरकार लगातार महिला, पुरुष व बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं।इस दौरान कार्यक्रम में. इस अवसर पर सी.एम.ओ. डॉ.स्वाति भंडारी ,स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी,मंडल अध्यक्ष पंकज अद्वेती , प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा भावना मेहरा ,प्रगति जैन ,प्रकाश आर्य व कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

**संबोधन**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन को सुना**

## बच्चों व महिलाओं के विकास में पूरा योगदान रहेगा: शालिनी

**नैनीताल।** मानवाधिकार बाल विकास विंग की नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष शालिनी बिष्ट ने कहा कि बच्चों समस्याओं के निदान को लेकर तत्परता के साथ अपना योगदान देंगी।



रविवार को प्रेस वार्ता में उन्होंने यह बात कही। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर मानवाधिकार बाल विकास विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष शकील अहमद सिद्दकी का आभार व्यक्त किया और कहा कि वह अपने दायित्व का हर हाल में निर्वहन करेंगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चो के हितों में काम करना उनकी दिली इच्छा रही है।

वह पहले भी महिलाओं और बच्चों के हितों में काम करती रहीं हैं। अब प्रदेश का दायित्व आ जाने से वह पूरी जिम्मेदारी के साथ महिलाओं और बच्चों के हितों में काम करती रहेंगी। पत्रकार वार्ता में उन्हें यह दायित्व सौंपने में योगदान देने में सभी पदाधिकारियों और शुभचिंतकों का आभार जताया।

# पब्लिक हेल्थ यूनिट का शुभारंभ

**नैनीताल/भवाली**

**हमारे संवाददाता**

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य अस्पताल में (बीपीएचयू) पब्लिक हेल्थ यूनिट का शुभारंभ राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट ने किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश भर में 5 नये एम्स व 200 स्वास्थ्य परियोजनाओं को रविवार को आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्र को समर्पित किया इसी क्रम में नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य अस्पताल में भी पब्लिक हेल्थ यूनिट का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन व अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट मौजूद रहे।

इस अवसर पर उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों व जनता को अपनी शुभकामनाये देते हुवे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं लगातार मजबूत हो रही है आम जनमानस को निशुल्क व बेहतर उपचार मिले इसके लिये सरकार दिन रात प्रयासरत कहा कि अस्पतालों में आज 140 विभिन्न प्रकार की जांचे निशुल्क हो रही है कहा कि पब्लिक हेल्थ यूनिट के माध्यम से कोविड व किसी भी प्रकार के वायरस से संबंधी सभी जांचे अब यूनिट में ही कि जा सकेंगी जिससे आम जनमानस को बेहद फायदा होगा कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य सरकार लगातार महिला,पुरुष व बच्चो के बेहतर स्वाथ्य के लिये विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाए चला रही है वही निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कुमाऊँ मण्डल डॉक्टर तारा आर्या ने बताया कि कोरोनो महामारी के दौरान ब्लॉक व ग्रामीण स्तर की सभी जांचे पूर्व में हल्द्वानी स्थित लैब में भेजी जाती थी लेकिन बी पी एस यू यूनिट की स्थापना के बाद अब सभी जांचे इसी यूनिट में हो सकेंगी जिससे किसी भी महामारी जैसी आपदा का सामना करने में बेहद आसानी हो सकेगी।इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ श्वेता भंडारी मण्डल अध्यक्ष पंकज अद्वेति महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा शिवांशु जोशी प्रकाश आर्या पवन भाकुनी जुगल मठपाल आशुतोष चंदोला नंदकिशोर पांडेय बालम मेहरा धीरज पढालनी लवेंद्र क्कीरा भास्कर दुम्का प्रगति जैन वर्षा आर्या तनुजा कबडवाल आदि मौजूद रहे।



**भवाली में पब्लिक हेल्थ यूनिट का लोकार्पण करते राष्ट्रीय ग्रामीण मिशन व अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट व अन्य।। -उत्तरांचल दीप**

# फिल्मी दुनिया

## ऐश्वर्या-अभिषेक की बेटी आराध्या को नव्या का बड़ा खुलासा



*नव्या नंदा अपने बहुप्रतीक्षित पॉडकास्ट व्हाट द हेल नव्या के दूसरे सीजन के साथ वापस आ गई हैं। नव्या ने अपने दूसरे सीजन के पहले एपिसोड में अपनी मां श्वेता बच्चन और नानी जया बच्चन के साथ बातचीत करते नजर आईं। वहीं, अब एक बातचीत के दौरान नव्या नें ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन की बेटी आराध्या बच्चन की जमकर तारीफ की। साथ ही उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी के बच्चे दुनिया के बारे में ज्यादा जागरूक हैं। जब नव्या से आराध्या को एक सलाह देने के लिए कहा गया, तो उन्होंने कहा कि अपनी बहन को सलाह देने के लिए कुछ नहीं है, क्योंकि आराध्या उसके लिए पहले से ही समझदार है। नव्या ने कहा, मुझे नहीं पता कि मैं उन्हें कभी सलाह दूंगी भी या नहीं। जब मैं 12 साल की थी, तो मुझे नहीं लगता की मैं आराध्या की तरह हर चीज के बारे में जागरूक रही होंगी। नई पीढ़ी के बच्चे दुनिया के बारे में काफी जागरूक हैं। आराध्या अभी 12 वर्ष की हैं, वे इतनी कम उम्र में हर चीजों के बारे में अधिक जागरूक हैं। इसलिए यह देखना वास्तव में बहुत अच्छा लगता है, घर में कुछ भी हो रहा होता है, तो वे अच्छे से समझती हैं। इसलिए मुझे नहीं लगता है कि मैं उन्हें कभी सलाह दे पाउंगी।*

### वर्ष 2022 में शुरू किया था पॉडकास्ट शो

*नव्या नंदा ने वर्ष 2022 में व्हाट द हेल नव्या के साथ यूट्यूब पर अपना पॉडकास्ट शो शुरू किया था। नव्या अपने पॉडकास्ट में नानी जया बच्चन और मां श्वेता नंदा के साथ समाज में महिलाओं के सामने आने वाले मुद्दों पर बात करती हैं। वहीं, पॉडकास्ट व्हाट द हेल नव्या सीजन 2 को लोग काफी सराह रहे हैं। पॉडकास्ट आईवीएम पॉडकास्ट द्वारा बनाया गया था।*

# लुकास टीवीएस मजदूर संघ का 88 वां दिन अनिश्चितकालीन धरना जारी

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

लुकास टीवीएस मजदूर संघ का 88वां दिन भी अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा। इस दौरान श्रमिकों ने कंपनी प्रबंधन पर तानाशाही का आरोप लगाया। लुकास टीवीएस मजदूर संघ के मुताबिक उपश्रमायुक्त के समक्ष हुई त्रिपक्षीय वार्ता में कम्पनी प्रबन्धन को तीन दिन के भीतर श्रमिक समस्याओं का निस्तारण करने का निर्देश दिए गए। मगर उपरोक्त समय पर समस्याओं का समाधान न होने पर कंपनी मालिक के विरुद्ध केस दर्ज कराने के भी निर्देश गए । संगठन ने जागरूकता अभियान में पर्चा वितरण, सिडकुल की यूनियनों से संपर्क करना व शहर में जगह-जगह सहयोग करने की अपील की जा रही। संघ ने चेतावनी दी कि मांगे पूरी न होने तक हड़ताल जारी रहेगी। अध्यक्ष मनोहर सिंह मनराल ने बताया कि आंदोलन को शेखरा नन्द पांडे, गणेश मेहरा, दीपेन्द्र भट्ट, किशन सिंह, भारतीय मजदूर संघ से नागेन्द्र यादव, राजेश कुमार, शिव नारायण मिश्रा,सुजित विश्वास ने समर्थन देते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया।



News कॉर्नर

## पालीशीट वार्ड में स्ट्रीट लाइटें चोरी नगर आयुक्त से की शिकायत



**हल्द्वानी।** पॉलिसीट वार्ड-5 तुलसीनगर में स्ट्रीट लाइटें चोरी कर ली गई। इस मामले में पूर्व पार्षद मुन्ना पोखरिया ने नगर आयुक्त विशाल मिश्रा से शिकायत की है। पोखरिया के अनुसार तुलसीनगर में शिव मंदिर से दमुवाढूंगा को जोड़ने वाले मार्ग में लगी तीन स्ट्रीट लाइटें चुरा ली गई हैं। इससे इस मार्ग पर अंधेरा छा गया है। उन्होंने बताया कि यह वही रास्ता है जहां पिछ्ले दिनों गुलदार दिखाई दिया था। पथ? प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त न होने से लोगों में भय बना हुआ है। उन्होंने निगम प्रशासन को तीन दिन के भीतर लाइटें दुरुस्त न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। इस पर नगर आयुक्त ने जल्द नयी लाइटें लगाने का आश्वासन दिया।

## तेज रफ्तार कार से महिला की मौत

**हल्द्वानी।** तेज रफ्तार कार ने महिला को टक्कर मार दी जिससे महिला की मौत हो गई। महिला दुकान से दूध लेकर घर की ओर लौट रही थी तभी यह हादसा हो गया। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शीशमहल रेलवे फाटक निवासी साहब सिंह की बेटी ज्योति रात करीब साढ़े आठ बजे दूध लेकर घर की ओर लौट रही थी। रेलवे फाटक के पास तेज रफ्तार कार ने ज्योति को टक्कर मार दी। उपचार के लिए एसटीएच में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# दर्जनों अधिवक्ता समेत 105 लोगों को पार्टी के सदस्यता दिलाई

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



कांग्रेस पार्टी के विधि प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश चंद्र भट्ट के नेतृत्व में दर्जनों अधिवक्ता समेत अनुसूचित समाज के 105 लोगों को पार्टी के सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक पूर्व कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह बिष्ट ने भाजपा कुमाऊं सम्भाग कार्यालय हल्द्वानी में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई ।

प्रदेश संयोजक गोविंद सिंह बिष्ट ने सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है ,भाजपा कार्यकर्ता पार्टी का मान सम्मान है , राष्ट्रहित सर्वोपरी की भावना से काम करने वाले पार्टी के कार्यकर्ताओं की बदौलत भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित है । उन्होंने कहा भाजपा की सदस्यता लेने के बाद आप सभी की समाज के प्रति जिम्मेदारियां बढ़ गई हैं , देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत माता को उसके परम वैभव तक लेकर जाने के सपने को साकार करने के लिए आप सभी कार्यकर्ता अपनी पूरी शक्ति के साथ काम करेंगे । भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा ने सदस्यता ग्रहण करने वाले अभी नवागंतुकों को सर्वप्रथम अपने अपने बूथ पर काम कर अपने बूथ को मजबूत करने को कहा , उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता अनुशासित कार्यकर्ता होता है इसलिए अन्य राजनीतिक दलों की तुलना में भाजपा कार्यकर्ता पहले देश फिर दल फिर मैं की भावना से काम करता है । आगामी आम चुनावों में आप सभी भारतीय जनता पार्टी की मजबूती के लिए काम करेंगे ।

इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा, सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक गोविंद सिंह बिष्ट , जिला संयोजक चंदन सिंह बिष्ट ,खीमानन्द शर्मा, रंजन बर्गली, भुवन आर्या , राजेन्द्र जीना, अमन भट्ट, ग्राम प्रधान मीना बुडलाकोटी , एडवोकेट तनुज तलवार शाह ,हितेश शाह ,पूजा कर्नाटक ,मनोज कुमार मौर्य , प्रकाश कुमार ,ऋषु टम्टा , मसरूर अहमद खान ,समेत भारी संख्या में अधिवक्ता एवं अनुसूचित समाज के लोग मौजूद रहे ।

# दंगे में घायल की 17 दिन बाद मौत, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

दंगे में गंभीर रूप से घायल 18 साल के अल बसर की मौत ने सभी को झकझोर दिया है। 17 दिन जिंदगी और मौत से जूझने के बाद उसने आखिरी सांस ली। वहीं पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। ताज मस्जिद निवासी अलबशर पुत्र अब्दुल माजिद सब्जी बेचता था। बनभूलपुरा में ठेले से फेरी लगाकर वह परिवार का भरण पोषण कर रहा था। बीती रात 8 फरवरी को वनभूलपुरा में हुए दंगे के दौरान वह ठेला लेकर घर की ओर लौट रहा था। इसी दौरान परिजनों को सूचना मिली कि अलबशर ताज मस्जिद के पास घायल अवस्था में पास घायल अवस्था में पड़ा है। परिजन जब वहां पहुंचे तो अलबशर की आंतें बाहर निकली हुई थी। उसे आनन फानन में एसटीएच ले जाया गया जहां उसने 17 दिन बाद दम तोड़ दिया। डाक्टरों ने अल बशर की जान बचाने की भूरपूर कोशिश की लेकिन वह उसे नहीं बचा पाए। लाइन नंबर 16 नई बस्ती में रहने वाले अलबशर के चाचा मो. नाजिम ने बताया कि दंगे की रात अलबशर ठेला लेकर घर लौट रहा था। तभी उन्हें सूचना मिली कि अलबशर के ताज मस्जिद के पास घायल पड़ा हुआ है। उसका पेट फटा था और आंतें बाहर आई हुई थी। उस पर किसने हमला किया इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। घर का इकलौता सहारा छिन जाने के बाद परिवार सदमे में है।

### किसी भी निर्दोष को नहीं होगी सजा

**हल्द्वानी।** वनभूलपुरा हिंसा के बाद अब पूरे क्षेत्र में शांति व्यवस्था है और लोग इसे एक बुरा सपना समझ कर भूलने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं पुलिस हिंसा में शामिल 82 लोगों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है। पुलिस ने दंगाइयों को चिन्हित करने के लिए करीब डेढ़ सौ के आसपास सीसीटीवी फुटेज खंगाली है जिसके बाद यह कार्रवाई अमल में लाई गई। फिलहाल पुलिस हिंसा के मास्टर माइंड बताए जा रहे अब्दुल मलिक को गिरफ्तार जेल भेज चुकी है जबकि उसका बेटा अब्दुल मोईद अभी भी फरार है। उसकी भी तलाश की जा रही है। इधर पुलिस हिंसा में शामिल और दंगाइयों को भी चिन्हित करने का काम कर रही है। एसएसपी का कहना है कि किसी भी निर्दोष को नहीं फंसाया जाएगा। हिंसा के लिएत्र जो भी जिम्मेदार है उसे किसी भी हालत में बख्शा भी नहीं जाएगा। पुलिस और प्रशासन वनभूलपुरा की जनता के साथ है।

# कांग्रेस समेत कई अन्य पार्टियों के दर्जनों लोगों ने भाजपा का दामन थामा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

**तैयारी**

- इन दिनों सभी राजनीतिक पार्टियां एक्टिव मोड में

लोक सभा तथा निकाय चुनाव नजदीक आते देख इन दिनों सभी राजनीतिक पार्टियां एक्टिव मोड में आना शुरु हो गयी हैं। इसी क्रम में रविवार को भी कांग्रेस समेत कई अन्य पार्टियों में शामिल दर्जनों लोगों ने पूर्व विधायक कैलाश शर्मा,पूर्व मंत्री गोविन्द सिंह बिष्ट, रंजन सिंह, खीमा शर्मा तथा भुवन आर्या के नेतृत्व में भाजपा के पार्टी कार्यालय में भाजपा का दामन थामा।

भाजपा के पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हेम चंद्र आर्य ने बताया कि जिन लोगों ने पार्टी का दामन थामा है उनमें क्रमशः सुरेश चंद्र भट्ट, मीना बुधलाकोटी, सौरभ चतुर्वेदी, पंकज शर्मा, तनुज तलवार शाह, हितेश शाह मनीष पांडेय, पूजा कर्नाटक,राजेंद्र कर्नाटक, प्रेमा कर्नाटक, प्रणय सती, रेखा सती, प्रतिरूप पांडे, तनुजा तिवारी, कमल लोशाली, ओशांक शर्मा, दिव्या सक्सेना, पूनम कबड्वाल, योगेश पांडे, संजय जोशी, नेत्र सिंह जिमिवाल, हीरा सिंह बिष्ट, नीमा स्याल, नवीन सनवाल, कुबेर पाठक, देवेन्द्र सांगुड़ी, मनोज बुधलाकोटी, संगीता संगा, घनश्याम तिवारी, रेखा तिवारी, आशा कर्नाटक, योगेश जोशी, देवेश जोशी, मसरूर अहमद खान, मनोज भट्ट ,मोहन चंद्र पंत, अंकित चतुर्वेदी, संजीव चतुर्वेदी, पवन कुमार तथा दीपक सिंह अधिकारी शामिल हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक कैलाश शर्मा,पूर्व मंत्री गोविन्द सिंह बिष्ट, रंजन सिंह, खीमा शर्मा तथा भुवन आर्या समेत कई पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विधायक ने गदरपुर- मटकोटा से मुकरन्दपुर को जोड़ने वाले हॉटमिक्स मार्ग का शिलान्यास किया



रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**शुभारंभ**

- विधायक बोले क्षेत्र में हो रहे है तेज गति से विकास कार्य

विधायक शिव अरोरा ने राज्य योजना के अंतर्गत स्वीकृत गदरपुर- मटकोटा मार्ग से मुकरन्दपुर डेरे को जाने वाले 1. 7 किलोमीटर हॉटमिक्स मार्ग रोड का फीता काटकर कर शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य तेजी किए जा रहे हैं। इसी क्रम में ग्रामीण क्षेत्र में मुकरन्दपुर से गदरपुर को जोड़ने वाले इस मार्ग का उपयोग क्षेत्र की बहुत बडी आबादी करती है वही विधायक लगातार रुद्रपुर विधानसभा में महज़ एक सप्ताह के भीतर 12 किलोमीटर से अधिक की रोडों का शिलान्यास कर चुके हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे रोड जिनको लंबे अरसे से निर्माण नही हुए थे ,आज उन क्षेत्र के लोगो के चहरे पर मुस्कान है। विधायक शिव ने कहा कि निश्चित रूप प्रदेश में भाजपा की सरकार है जो विकास करने के लिये जानी जाती है ,जिसका परिणाम है कि रुद्रपुर क्षेत्र में चारों ओर तेज गति से कार्य हो रहे हैं। आने वाले समय कई बड़ी योजना रुद्रपुर क्षेत्र में आने वाली है,क्षेत्र विकास उनकी पहली प्राथमिकता है जिकसे लिये निरन्तर लगे हुए हैं। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग, सुदर्शन विश्वास, प्रीत ग्रोवर, साहब सिंह, मंडी चेयरमैन सुभाष गुम्बर, जोगा सिंह, लक्खा सिंह, मयंक कक्कड़ लोग मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी की हुई मौत में नया मोड़

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

पहाड़गंज में एक किशोरी की संदिग्ध अवस्था में हुई मौत के मामले में पुलिस कार्रवाई करते हुए उसके माता,पिता पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह मुकदमा चौकी प्रभारी रम्पुरा नवीन बुधानी की ओर दर्ज कराया गया। दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा गया है कि 24 फरवरी को मुखबिर ने पुलिस चौकी रम्पुरा को सूचना दी कि पहाड़गंज में किशोरी का एक व्यत्तिफ़ से करीब 5-6 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिस कारण उसके अम्मी अब्बू ने 23/24 फरवरी को रात्रि में किसी समय गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी है। लेकिन लोगों को पेट के दर्द होने की वजह से मौत होना बताया है कि इसके द्वारा फांसी लगा ली गई है। उक्त लोगों ने हत्या को छिपाने के लिये उसके मृत शरीर को दफनाने के लिये अपने मूल निवास बजावाला थाना अजीमनगर जिला रामपुर के कब्रिस्तान ले गए। सूचना के आधार पर चौकी प्रभारी अपने साथ एएसआई नवीन जोशी, कानि-अमित जोशी के साथ गांव बजावाला थाना अजीमनगर जिला रामपुर पहुंचे तो वहां मृतका के माता पिता तथा अन्य ग्रामवासियों व परिजनों के साथ शव को दफनाने की तैयारी कर रहे थे। जब मृतका का गला व मुंह देखा गया तो मुंह व गर्दन पर चोटों के निशान थे। किशोरी के साथ मारपीट कर गला घोंटा जाना प्रतीत हो रहा था। जिस कारण मृतका के परिजनों को कहा गया कि मामला संदेहास्पद है इसीलिये मृतका के शव का पोस्टमार्टम होना आवश्यक है।मृतका के परिजन शव मोरचरी रुद्रपुर लेकर आये । पोस्टमार्टम के बाद मृतका के शव को अंतिम संस्कार हेतु परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट है कि मृतका के माता पिता ने मृतका के प्रेम प्रसंग के चलते झुब्ध होकर उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने माता पिता के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# संत शिरोमणि रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



समाज को सत्य मार्ग दिखाने वाले संत शिरोमणि रविदास की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। साथ ही उनके बताए गए मार्ग पर चलने का आहवान किया। इस दौरान विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। यहां मुख्य बाजार क्षेत्र डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क के पास संत रविदास की जयंती मनाई गई। इस मौके पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन के बताने पर चलने का आह्वान किया। ठुकराल ने कहा कि संत रविदास ने सामाजिक एवं आध्यात्मिक संघर्ष किया था। उन्होंने एक सभ्य समाज की न सिर्फ कल्पना की, बल्कि उसे मूर्त रूप देने में भी अहम भूमिका निभाई। संत रविदास ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने जाति धर्म से ऊपर उठकर दुनिया को एकता भाईचारे का संदेश दिया। लगभग छह दशक तक समाज सुधारक, महान विचारक एवं समाजसेवी के रूप में काम किया। इधर पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा और अनिल शर्मा भी वहां पहुंचे। उन्होंने रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण किया और उन्होंने कहा कि रविदास जी ने समाज को मेहनत कर खाने ईमानदारी से जीवन व्यतीत करने का संदेश दिया। यहां विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान नारायण अस्पताल के एमडी डॉ प्रदीप अदलखा, देवभूमि व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह, कार्यक्रम संयोजक जितेंद्र कुमार सागर, राजकुमार सागर, सतीश कुमार, निहाल सिंह,हरि सिंह, अनिल सागर, तुषार सागर, प्रदीप सागर, सौरभ सागर, रोहित सागर, राजपाल, चंदा सागर समेत राहुल सरीन, बब्बू विर्क, संजय ठुकराल आदि मौजूद थे।